Green Planet®
SINCE 2002

March 2025



# GREEN MORNING

## MISSION : SAVE THE MOTHER EARTH

OUR BRANDS.: POWER PLANT | NEUTVETS | HERBNEUTS HERBCOS | HOMEDETS | DESIRE

# PRESENTAZIONE
## TABLE OF CONTENTS

SINCE 2002




AGRICULTURE PRODUCTS

EDTA'S

TESTIMONIAL

HEATHCARE PRODUCTS

VET CARE PRODUCTS

POWER MILK MINERAL MIXTURE

CANOPY DAY


MISSION :SAVE THE MOTHER EARTH



Green Planet®

SINCE 2002

ALL PRODUCTS

# AGRICULTURE

## BALANCED NUTRITION FOR PLANT GROWTH

Organic
protection
for your crops




MISSION :SAVE THE MOTHER EARTH

# EDTA’s



आज की आधुनिक खेती में पोषक तत्वों की सही उपलब्धता बहुत जरूरी है। कई बार मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्व (Micro Nutrients) फसलों को सही मात्रा में नहीं मिल पाते, जिससे उनकी बढ़वार और उत्पादन पर असर पड़ता है। ऐसे में EDTA (Ethylene Diamine Tetra Acetic Acid) उत्पाद फसलों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। यह विशेष रूप से सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता को बढ़ाने में मदद करता है।



# EDTA क्या है?

EDTA एक प्रकार का  (Chelating) एजेंट है, जो मिट्टी में मौजूद Iron लौह (Fe),Zinc(Zn), Copper (Cu), मैंगनीज (Mn), कैल्शियम (Ca) और मैग्नीशियम (Mg) जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को घुलनशील बनाकर पौधों को आसानी से उपलब्ध करवाता  है। इसके उपयोग से पौधों को आवश्यक पोषक तत्व जल्दी और प्रभावी रूप से मिलते हैं।

## EDTA उत्पादों के प्रकार और उनके लाभ:-

### EDTA Fe (Iron-EDTA)

- आयरन की कमी से पत्तियाँ पीली पड़ने लगती हैं (Iron Chlorosis)।
- यह उत्पाद आयरन की कमी को दूर कर हरी-भरी पत्तियाँ बनाए रखता है।




Green Planet
SINCE 2002

**EDTA Zn (Zinc-EDTA)**

- जिंक की कमी से पौधों की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ छोटी रह जाती हैं।
- यह उत्पाद जिंक की पूर्ति कर पौधों की अच्छी वृद्धि में सहायक होता है।

**EDTA Cu (Copper-EDTA)**

- तांबे की कमी से पौधों में नई पत्तियाँ विकृत हो सकती हैं।
- EDTA CU फसल को रोग प्रतिरोधक क्षमता देने में मदद करता है।

**EDTA Mn (Manganese-EDTA)**

- मैंगनीज की कमी से पौधों की प्रकाश संश्लेषण (PHOTOSYNTHESIS) प्रक्रिया प्रभावित होती है।
- यह उत्पाद पौधों को हरा-भरा बनाए रखता है।

**EDTA Ca (Calcium-EDTA) और EDTA Mg (Magnesium-EDTA)**

- कैल्शियम पौधों की कोशिकाओं को मजबूत बनाता है और मैग्नीशियम पत्तियों के हरितलवक (CHLOROPHYLL) को बढ़ाता है।
- इनकी पूर्ति से पौधों में फूल और फलन बेहतर होता है।

## EDTA उत्पादों का उपयोग कैसे करें?

EDTA उत्पादों को स्प्रे (पत्तों पर छिड़काव) और ड्रिप सिंचाई के माध्यम से दिया जा सकता है। फसल की स्थिति और पोषक तत्वों की कमी के अनुसार मात्रा में बदलाव किया जा सकता है।

**EDTA उत्पादों के फायदे** · फसलों को सूक्ष्म पोषक तत्व आसानी से उपलब्ध होते हैं। · पौधों की वृद्धि और उत्पादन बढ़ता है। · मिट्टी में पोषक तत्वों की उपलब्धता बनी रहती है।· पत्तियों की हरियाली और प्रकाश संश्लेषण बेहतर होता है। · फूल और फलन की गुणवत्ता में सुधार होता है।

**निष्कर्ष**

किसानों को अपनी फसलों की पोषण आवश्यकताओं को समझकर EDTA आधारित सूक्ष्म पोषक तत्वों का सही इस्तेमाल करना चाहिए। यह न केवल उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखेगा। सही समय पर सही पोषक तत्व दें और अपनी फसलों को स्वस्थ व हरा-भरा बनाएं!

**MISSION :SAVE THE MOTHER EARTH**

# TESTIMONIALS

Green Planet
SINCE 2002

## काकासाहेब जाधव




मेरा नाम काकासाहेब जाधव है। मैं ज़िला धाराशीव (उस्मानाबाद) महाराष्ट्र का रहने वाला हूँ | मैंने ३ साल से धनीया, चना, गेंहु और गन्ना इन फसलों को ग्रीन प्लैनेट के ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स भूमि पॉवर, प्रोम, एस.टी, ग्रो, नायट्रोकिंग, ब्लूम और स्प्रेड ऑल-90 का इस्तेमाल कर रहा हूँ | इससे मेरी फसल सर्वोतम हो गई है और जमीन बेहद मुलायम हो गई है साथ ही साथ खेत पर केंचुए भी आ गए है| किसान दूर- दूर से भी हमारी फसल देखने दिखाने के आते है | मेरा सभी किसान साथियों से सविनय निवेदन है कि अपनी खेती में पॉवर प्लांट उत्पादों का प्रयोग करके जमींन व फसल में गुणात्मक सुधार को अपनी विश्वसनीय ऑखो से अनुभव करें | ग्रीन प्लैनेट के जैविक उत्पादों का इस्तेमाल करके बहुत खुश हूँ । मैं यही कहता हूँ कि ग्रीन प्लैनेट के कार्बनिक उत्पादों का इस्तेमाल देश के हर किसान को करना चाहिए | धन्यवाद्

## प्रभु सावंत



मेरा नाम प्रभु सावंत है| मैं लातूर का रहने वाला हूँ | मुझे बहुत दिनो से कंधे में दर्द था और जोडों का दर्द था| और हमेशा थकान महसूस होती थी | मैं बहुत हॉस्पिटल गया, दवाइयां खाई पर राहत नही मिल रही थी| फिर मेरे मित्र ने मुझे ग्रीन प्लैनेट के अर्थोसोल गोली, ओर्थोसोल आयल, नोनी जूस और तुल्सी ड्रॉप्स दिया इससे मुझे दिनों मे राहत मिली मैंने एक महीना यही प्रोडक्ट्स लिये और मैं सभी लोगों से निवेदन करता हूँ प्रोद्चुट्स इस्तेमाल करके अपनी सेहत बढ़िया बनाये और बिमारियों से निजात पाईये | धन्यवाद्

# HEALTH CARE PRODUCTS





Green Planet
SINCE 2002




**Mission :Save the Mother Earth**






# Vet Care

Solution for your Cattle needs




**MISSION :SAVE THE MOTHER EARTH**

Green Planet
SINCE 2002

# खनिज मिश्रण (फीड सप्लीमेंट्स) का प्रजनन तंत्र में भूमिका

गाय और बैल के प्रजनन तंत्र में उचित पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और इसमें फीड सप्लीमेंट्स (Feed Supplements) का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। फीड सप्लीमेंट्स के माध्यम से गायों को वे पोषक तत्व प्रदान किए जाते हैं जो सामान्य आहार से पूरी तरह से प्राप्त नहीं हो पाते। ग्रीन प्लैनेट के पशु चिकित्सक, फ़ीड सप्लीमेंट्स उत्पाद का उपयोग गाय, भैंस के प्रजनन स्वास्थ्य को सुधारने, गर्भधारण की दर बढ़ाने और दूध उत्पादन में वृद्धि करने में मदद करता है।

**प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार:** फीड सप्लीमेंट्स गायों के प्रजनन तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। प्रोटीन, विटामिन्स, खनिज, और आवश्यक फैटी एसिड्स की आपूर्ति प्रजनन अंगों की कार्यक्षमता को बढ़ाती है।

हॉर्मोनल संतुलन: फीड सप्लीमेंट्स में शामिल विभिन्न पोषक तत्व जैसे कि विटामिन A, E, और C, जिंक और सेलेनियम, प्रजनन हॉर्मोन के संतुलन को बनाए रखने में मदद करते हैं। यह पशुओं में अंडोत्सर्ग (ovulation) को प्रोत्साहित करता है, जिससे गर्भधारण की दर बढ़ती है।

**गर्भधारण की दर में सुधार:** अच्छी गुणवत्ता वाले सप्लीमेंट्स पशुओं के गर्भधारण की दर में सुधार कर सकते हैं। जिन गायों को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता, उनमें प्रजनन समस्याएँ होती हैं, जैसे कि अंडोत्सर्ग में गड़बड़ी या गर्भधारण में कठिनाई। सप्लीमेंट्स गर्भधारण की प्रक्रिया को आसान बना सकते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि:** फीड सप्लीमेंट्स पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे प्रजनन तंत्र में संक्रमण का खतरा कम होता है। खासकर विटामिन E और सेलेनियम जैसे पोषक तत्व, जो कि एंटीऑक्सीडेंट्स के रूप में कार्य करते हैं, गर्भाशय और प्रजनन अंगों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।


**दूध उत्पादन में वृद्धि:** अच्छे प्रजनन स्वास्थ्य का प्रत्यक्ष प्रभाव दूध उत्पादन पर पड़ता है। जब पशुओं का प्रजनन तंत्र स्वस्थ रहता है, तो उनका समग्र स्वास्थ्य बेहतर रहता है, जिससे अधिक दूध मिलता है।

**पशु के वजन और ऊर्जा स्तर में सुधार:** प्रजनन में सफलता के लिए पशुओं को पर्याप्त ऊर्जा मिलनी चाहिए। फीड सप्लीमेंट्स, विशेषकर उच्च गुणवत्ता वाले ऊर्जा स्रोत, गायों के शरीर में आवश्यक ऊर्जा की आपूर्ति करते हैं, जो प्रजनन प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है।

**गर्भवती पशुओं के लिए विशेष पोषण:** गर्भवती पशुओं के लिए विशेष फीड सप्लीमेंट्स की आवश्यकता होती है ताकि वे स्वस्थ रहें और उनके गर्भधारण की प्रक्रिया में कोई रुकावट न हो। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, और मैग्नीशियम जैसे तत्व शामिल होते हैं, जो गर्भावस्था के दौरान महत्वपूर्ण होते हैं।

ख़ुराक:- बड़े पशु: प्रति दिन 40-80 ग्राम, छोटे पशु: प्रति दिन 20-40 ग्राम

फीड सप्लीमेंट्स गायों के प्रजनन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने और प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन सप्लीमेंट्स का उचित उपयोग गायों को प्रजनन संबंधी समस्याओं से बचाने, गर्भधारण में सुधार, और दूध उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है। सही समय पर और संतुलित सप्लीमेंट्स का उपयोग गायों की प्रजनन क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक होता है।






MISSION :SAVE THE MOTHER EARTH

# CANOPY DAY










**MISSION :SAVE THE MOTHER EARTH**




**GREEN PLANET BIO PRODUCTS**

Green Planet SINCE 2002

G.P. Tower, I-Amar Garden, Near Pathankot Chowk Bye-Pass, NH-I, Jalandhar-144004.

An ISO 9001:2015 Certified Co.

Ph. : +91-181-5299000, Toll Free 1800 137 4699

www.greenplanetindia.com